75 हजार नए नि:शक्तों को सरकार देगी पेंशन

विभागों में रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाएगा

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। राज्य सरकार 75 हजार नए नि:शक्त पेंशनरों को चिह्नित करते हुए उन्हें पेंशन देगी। इसके अलावा सरकारी विभागों में रिक्त पदों को अभियान चलाकर भरा जाएगा। प्रमुख सचिव विकलांग कल्याण वीएन गर्ग ने यह जानकारी विभागीय वेबसाइट की लांचिंग पर दी। उन्होंने बताया कि सरकार ने 27 जून को हेलेन केलर दिवस, 4 जनवरी विश्व ब्रेल दिवस तथा 2 अप्रैल को ऑटिज्म जागरूकता दिवस को राष्ट्रीय दिवस घोषित करने का निर्णय किया है।

नि:शक्तों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रमुख सचिव विकलांग कल्याण वीएन गर्ग ने लांच की वेबसाइड।

उन्होंने कहा कि नि:शक्तों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए विभागीय वेबसाइट www.commissionerdisabisblitiesup.in पर शिकायत दर्ज कराया जा सकता है। इस पर 15 दिन के अंदर त्वरित कार्यवाही की जाएगी। सरकार नि:शक्त प्रमाण पत्र को संशोधित कर ऑनलाइन करने पर विचार कर रही है। उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं से आह्वान किया कि वे ऐसे कार्यक्रम आयोजित करें, जिससे आमजन के अंदर नि:शक्तों के प्रति नजरिया बदल सके। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा के दौरान अपंग हुए कर्मियों को सेवा से अलग करने वाले विभागों के विभागाध्यक्षों पर कार्रवाई की जाएगी। विशेष सचिव विकलांग कल्याण अनिल कुमार सागर ने बताया कि वेबसाइट पर स्क्रीन रीडर की व्यवस्था के साथ स्पीच के लिए भी साफ्टवेयर डाला गया है। इसके बारे में फीडबैक लेने के साथ शीघ्र ही इसका हिंदी वर्जन भी लांच किया जाएगा।